पीएम किसान सम्मान निधि के 73 लाख से अधिक किसानों के खाते में 1,476 करोड़ रुपये हस्तांतरित

(आज समाचार सेवा)

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र परिसर स्थित ज्ञान भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के बनासकांठा में आयोजित प्रधानमंत्री किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। गुजरात के बनासकांठा में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त के तहत देशभर के 9.34 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 18,690 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की। इसके तहत बिहार के 73 लाख से अधिक किसान परिवारों के खाते में 1,476 करोड़ रुपये की सम्मान राशि सीधे भेजी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की आय में व ने किसान सम्मान निधि किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर खेती-किसानी को मजबूती प्रदान की है। इस योजना के तहत किसानों को प्रतिवर्ष तीन किस्तों में 6,000 रुपये की सहायता दी जाती है। पिछले सात वर्षों से निरंतर किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में बाढ़ प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए प्रति किसान 7,000 रुपये की



सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है। कृषि इनपुट सब्सिडी के माध्यम से भी 270 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। सरकार किसानों के साथ हमेशा खड़ी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पिछले दो दिनों में हुई बेमौसम बारिश से फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर प्रभावित किसानों को चिह्नित करें तथा उन्हें मुआवजा उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करें।मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में पहली बार टाल और दियारा क्षेत्रों को व्यवस्थित करने के लिए गाद प्रबंधन नीति बनाकर खेती को सुचारू बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। नेपाल की तराई से आने वाले पानी के साथ बड़ी मात्रा में गाद आने से किसानों को खेती में परेशानी होती है। इस समस्या के समाधान के लिए गाद हटाने की व्यवस्था शुरू की जा रही है। सभी जिलाधिकारियों एवं आपदा प्रबंधन विभाग को निर्देश दिया गया है कि बालू और गाद के कारण किसानों को होने वाली परेशानियों का समाधान सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की 76 प्रतिशत से अधिक आबादी की आजीविका कृषि पर निर्भर है। किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के साथ उनकी उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम0एस0पी0) से जोड़ने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। गन्ना उद्योग को बढ़ावा देने तथा एथेनॉल उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि किसानों को उनकी उपज का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। गन्ने के साथ-साथ अनाज के छोटे-छोटे टुकड़ों से भी एथेनॉल उत्पादन की संभावनाओं पर काम किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि को आधुनिक तकनीक से जोड़कर उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने की आवश्यकता है। बिहार देश का ऐसा राज्य है, जहां प्रत्येक पंचायत में मौसम की स्थिति के आधार पर किसानों को खेती के लिए परामर्श दिया जाता है। अब पारंपरिक खेती के तरीकों से आगे बढ़कर कृषि को बाजार और एम0एस0पी0 से जोड़ना होगा। तभी किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और बिहार की कृषि व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव आएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली उपलब्ध करायी जा रही है। कृषि फीडरों को शत प्रतिशत सौर ऊर्जा से जोड़ने की दिशा में भी काम हो रहा है। कृषि फीडरों के लिए सरकार को प्रतिवर्ष लगभग 5,500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी देनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि खेती को लाभकारी बनाने और किसानों को खुशहाल करने के लिए जैविक खेती, ग्रीन एनर्जी तथा जल प्रबंधन पर विशेष ध्यान देना होगा।

निधन पर श्रवण ने जताया गहरा शोक

पटना (आससे)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, एसआईएस के संस्थापक डॉ. रविंद्र किशोर सिन्हा के निधन पर ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने गहरा शोक जताया है। उनके निधन से बिहार ने एक प्रखर व्यक्तित्व, अनुभवी राजनेता, कुशल उद्यमी और समाज के प्रति समर्पित सेवाभावी व्यक्ति को खो दिया है।

आरके सिन्हा के योगदान को याद रखा जायेगा : डॉ. प्रमोद चंद्रवंशी

पटना (आससे)। कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने पूर्व राज्यसभा सांसद आर.के. सिन्हा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। डॉ. चंद्रवंशी ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र के प्रति योगदान को सदैव श्रद्धापूर्वक याद किया जाता रहेगा।

आरके सिन्हा का निधन अत्यंत पीड़ादायी : राजीव रंजन

पटना (निप्र)। वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी और एसआईएस के संस्थापक पूर्व राज्यसभा सांसद आर. के. सिन्हा के निधन पर बीजेपी के प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि उनका परलोक गमन का समाचार अत्यंत पीड़ादायी है।

सामाजिक जगत की अपूरणीय क्षति : श्वेता रंजन

पटना (निप्र)। वार्ड नंबर २१ की पार्षद श्वेता रंजन और समाजसेवी रोहित राज रणधीर ने कहा कि आर. के. सिन्हा जी के निधन से सामाजिक एवं राजनीतिक जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।

मर्माहत करने वाला समाचार : रामकृपाल

पटना (निप्र)। सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि आर.के.सिन्हा के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद एवं मर्माहत करने वाला है। उन्होने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा,संगठन की मजबूती और समाज के उत्थान के लिए समर्पित किया।

बहुत अच्छे इंसान थे : तेजप्रताप

पटना (निप्र)। जनशक्ति जनता दल के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने कहा कि आर. के. सिन्हा जी के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद एवं हृदयविदारक है। वें मिलनसार व्यक्ति थे। वे बहुत ही अच्छे इंसान थे।

उनका जाना व्यक्तिगत क्षति : नितिन नवीन

पटना (निप्र)। बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन शुक्रवार को एम्स पहुँचकर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. आरके सिन्हा जी के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होने कहा कि उनका जाना मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है।

संघर्ष और राष्ट्रसेवा की मिसाल थे : डा रणवीर नंदन

पटना (निप्र)। भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि आर.के. सिन्हा का निधन बिहार ही नहीं, बल्कि देश के सामाजिक, औद्योगिक और राजनीतिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका संपूर्ण जीवन संघर्ष, सृजन, उद्यमशीलता और राष्ट्रसेवा की प्रेरणादायक गाथा रहा है। उनका योगदान सदैव हमारी स्मृतियों में जीवित रहेंगे।

भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति : संजय सरावगी

पटना (निप्र)। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने आर. के. सिन्हा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इसे भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए दिवंगत नेता के प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

आरके सिन्हा का निधन अत्यंत दुखद : संजय मयूख

पटना (निप्र)। बिहार विधान परिषद के सदस्य संजय मयूख ने आर.के. सिन्हा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि आर.के. सिन्हा का निधन अत्यंत दुखद एवं मर्माहत करने वाला है। उनके निधन से राजनीतिक, सामाजिक और पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।

सच्चे संगठन शिल्पी थे : संजीव चौरसिया

पटना (आससे)। विधायक डॉ. संजीव चौरसिया ने कहा कि आर. के. सिन्हा ने जनसंघ के दौर से लेकर भाजपा के विस्तार तक एक समर्पित राष्ट्रभक्त और संगठन शिल्पी के रूप में अविस्मरणीय भूमिका निभाई।

आरके सिन्हा का निधन व्यक्तिगत क्षति : सूरज सिन्हा

पटना (आससे)। पूर्व सांसद, प्रसिद्ध उद्योगपति रविंद्र किशोर सिन्हा के निधन को कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता सूरज सिन्हा ने व्यक्तिगत क्षति बताया।

नौ जिलों में लगेगा नियोजन मेला

पटना (आससे)। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग एवं नियोजन एवं प्रशिक्षण निदेशालय की संयुक्त पहल पर नियोजन- सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला- 2026 का आयोजन राज्य के नौ जिलों में आयोजित करने के लिए सभी तरह की आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। बिहार के तकनीकी एवं गैर-तकनीकी योग्यता रखने वाले युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य के विभिन्न जिलों में नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला- 2026 का आयोजन किया जाएगा।

नियोजन एवं प्रशिक्षण निदेशालय की पहल पर आगामी 2 से 6 नवंबर तक नौ जिलों में जिला स्तरीय रोजगार मेले में विभिन्न शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यताएं रखने वाले अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र की कंपनियों में रोजगार पाने का अवसर मिलेगा।

नियोजन मेले का समय सुबह साढ़े 10 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित है। इसमें भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को विभाग के पोर्टल निबंधन कराना अनिवार्य होगा। आयोजन स्थल पर भी निबंधन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। नियोजन मेला 2 नवंबर को बक्सर और गोपालगंज, 3 को जहानाबाद और सारण (छपरा), 4 को सीवान और कैमूर, 5 को नालंदा तथा 6 नवंबर को अररिया एवं पटना में नियोजन मेला प्रस्तावित है।

गुरु महाराज के प्रकाश पर्व में सरकार करेगी सहयोग : सीएम

प्रकाश पर्व को ले अधिकारियों व पदधारकों के साथ की बैठक, लगायी हाजिरी

पटना सिटी (आससे)। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज की जनवरी माह में आयोजित होने वाले 360 वां प्रकाश पर्व में सरकार प्रबंधक कमेटी के साथ मिल कर सहयोग करेगी,ताकि प्रकाश पर्व की भव्यता व संगत को सुविधा मिल सके। उक्त बातें बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार की शाम तख्त साहिब में अधिकारियों और प्रबंधक कमेटी के पदधारकों के साथ बैठक करते हुए कही।. सीएम के साथ उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी भी थे. बैठक में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के साथ अन्य विभाग के अधिकारी और प्रबंधक कमेटी के पदधारकों में अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, उपाध्यक्ष लखिवन्दर सिंह, कनीय



महासचिव इन्द्रजीत सिंह,वरीय उपाध्यक्ष गुरविन्दर सिंह और सचिव हरबंस सिंह उपस्थित थे.इससे पहले सीएम ने राज्य के सुख शांति व समृद्धि की कामना करते हुए दरबार साहिब में अरदास की.।इससे पहले दरबार साहिब में जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने गुरुघर का आशीष सिरोपा दिया और गुरु महाराज के पवित्र वस्तुओं का दर्शन कराया. इस दौरान मुख्यमंत्री को श्री साहिब व प्रतीक चिह्न देकर प्रबंधक कमेटी के पदधारकों ने सम्मानित किया. सीएम ने कहा कि बैठक के दौरान प्रकाश पर्व की तैयारियों को लेकर विभाग के अधिकारियों और प्रबंधक कमेटी के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य कराने को कहा गया है।

बिहार में होगी दक्षिण भारतीय फिल्मों की शूटिंग

मुख्यमंत्री से अभिनेता पंकज केशरी ने की मुलाकात

फुलवारी शरीफ। बिहार में दक्षिण भारतीय फिल्मों की शूटिंग को बढ़ावा देने की पहल तेज होने की उम्मीद है. तमिल फिल्मों के अभिनेता पंकज केशरी ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर बिहार में दक्षिण भारतीय फिल्मों की शूटिंग शुरू कराने और फिल्म उद्योग के विस्तार को लेकर चर्चा की. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने फिल्म उद्योग से जुड़े प्रस्तावों पर सकारात्मक रुख जताया. उन्होंने बिहार में फिल्मों की शूटिंग और बड़े आयोजनों को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया. मुलाकात के दौरान बिहार की प्राकृतिक और ऐतिहासिक लोकेशन को फिल्मों की शूटिंग के लिए इस्तेमाल करने तथा फिल्म निर्माताओं को आवश्यक सरकारी सहयोग उपलब्ध कराने के मुद्दे पर भी बातचीत हुई.मुलाकात के बाद दक्षिण भारतीय फिल्म जगत से जुड़े लोगों के लिए बिहार में शूटिंग की संभावनाओं को लेकर उम्मीद जगी है. माना जा रहा है कि सरकारी स्तर पर सहयोग मिलने से आने वाले दिनों में



तमिल समेत दक्षिण भारतीय भाषाओं की फिल्मों की शूटिंग के लिए बिहार की लोकेशन का इस्तेमाल बढ़ सकता है.मुख्यमंत्री और अभिनेता के बीच बिहार में फिल्म निर्माण की संभावनाओं के साथ-साथ राज्य में बड़े सांस्कृतिक आयोजनों को प्रोत्साहित करने को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। अभिनेता पंकज केशरी ने मुख्यमंत्री के समक्ष दक्षिण भारतीय फिल्म निर्माताओं और फिल्म यूनिटों को बिहार में शूटिंग के लिए आमंत्रित करने का प्रस्ताव रखा. उन्होंने कहा कि बिहार में ऐतिहासिक, धार्मिक और प्राकृतिक स्थल फिल्मों की शूटिंग के लिए उपयुक्त हैं. यदि फिल्म यूनिटों को सुरक्षा, प्रशासनिक सहयोग और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएं तो दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग बिहार की ओर आकर्षित हो सकता है।उन्होंने फिल्म शूटिंग के दौरान स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक समन्वय, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में सरकार की भूमिका पर भी चर्चा की. इससे बिहार में फिल्म निर्माण से जुड़े रोजगार और स्थानीय कलाकारों को अवसर मिलने की संभावना भी बढ़ सकती है।

37 इंस्पेक्टर बने डीएसपी

(निज प्रतिनिधि)

पटना। बिहार पुलिस विभाग में अधिकारियों को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। राज्य सरकार ने 37 पुलिस निरीक्षकों और उनके समकक्ष अधिकारियों को पुलिस उपाधीक्षक के पद का अस्थायी कार्यकारी प्रभार देने का आदेश जारी किया है। गृह विभाग (आरक्षी शाखा) की ओर से जारी अधिसूचना के बाद पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है। इस फैसले से संबंधित अधिकारियों को वेतन स्तर-07 से बढ़ाकर वेतन स्तर-09 के अनुरूप प्रभार दिया गया है।

आरके सिन्हा ने अपनी विशिष्ट पहचान बनायी : सभापति

पटना। बिहार विधान परिषद् के कार्यकारी सभापति प्रो (डॉ) रामवचन राय ने पूर्व राज्यसभा सांसद एवं एसआईएस के संस्थापक रवीन्द्र किशोर सिन्हा के निधन पर गहरा दु:ख एवं शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि श्री सिन्हा ने अपने उद्यमशीलता, दूरदर्शिता एवं समाजसेवा के माध्यम से विशिष्ट पहचान बनाई। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

बिहार सरकार

समाहरणालय, मधेपुरा
(विभागीय जाँच)

संचालित विभागीय कार्यवाही सं0–27/2026 में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने हेतु आपके कार्यालय के पता पर नोटिस ई–मेल और दूरभाष के माध्यम से भेजा गया है, परन्तु किसी भी तिथि को आप उपस्थित नहीं हुए। ऐसी स्थिति में संचालित विभागीय कार्यवाही के संबंध में दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से आम सूचना प्रकाशित किया जा रहा है। आरोपित कर्मी का विवरण निम्नवत है :–

क्र0	विभागीय कार्यवाही सं0	नाम	स्थायी पता	कार्यालय
1	2	3	4	5
01	27/2026	श्री रमेश कुमार टुडू	पिता–श्री बाबू लाल टुडू, ग्राम–हरिपुर तिनकोनमा, पो0–हरिपुरकला, थाना–मुरलीगंज, जिला–मधेपुरा	अंचल कार्यालय, आलमनगर, सम्प्रति उ0व0लि0, अंचल कार्यालय, सिंहेश्वर

एतत् सूचना द्वारा संबंधित संचालित विभागीय कार्यवाही सं0–27/2026 में अंतिम अवसर प्रदान करते हुए आपको आगाह किया जाता है कि वे संचालन पदाधिकारी–सह–अपर समाहर्त्ता, आपदा प्रबंधन, मधेपुरा के कार्यालय में दिनांक–21.11.2026 को 03:30 बजे अपराह्न में उपस्थित होकर अपना लिखित पक्ष रखें अन्यथा एकपक्षीय सुनवाई कर उक्त विभागीय कार्यवाही का निष्पादन कर दिया जायेगा।

संचालन पदाधिकारी
–सह–
अपर समाहर्त्ता (आ0प्र0), मधेपुरा।

PR- 014611 (District) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार राज्य भंडार निगम
बी–2, प्रथम तल, मौर्यलोक परिसर, पटना–1

आवश्यक सूचना

बिहार राज्य भंडार निगम के अभियंत्रण शाखा के कार्यों को सुचारू रूप से संचालन हेतु निगम के कार्यपालक अभियंता के रिक्त पदों पर कार्य करने हेतु सरकारी/अर्द्धसरकारी संस्थानों से सेवानिवृत्त पदाधिकारी/कर्मी का पैनल निगम स्तर पर निर्माण कर उसी पैनल से निगम स्तरीय समिति के माध्यम से आवश्यकतानुसार संविदा के आधार पर नियोजन सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार का निर्गत संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक 10.07.2015 के अन्तर्गत किया जाना है। अतएव बिहार राज्य भंडार निगम (पता– बी–2, प्रथम तल, मौर्यलोक, पटना–01) सरकारी / अर्द्ध सरकारी संस्थानों से सेवानिवृत्त कार्यपालक अभियंता के पदों पर जिनकी आयु दिनांक 01.10.2026 को 62 वर्ष से कम हो, से पैनल निर्माण के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन आनलाईन अथवा निबंधित डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित करता है।

1) विहित प्रपत्र इस निगम के विभागीय वेबसाईट www.bswc.co.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट पर उपलब्ध है।
2) आवेदन पत्र निगम के वेबसाईट www.bswc.co.in पर ऑनलाईन अथवा निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से बिहार राज्य भंडार निगम, बी–2, प्रथम तल, मौर्यलोक, पटना 800001 में समर्पित किया जा सकता है। समाचार पत्रों में यह विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि से 15 (पन्द्रह) कार्य दिवसों के अन्दर विहित प्रपत्र में उक्त माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर ही विचार किया जायेगा।
3) पैनल हेतु पात्रता/अहर्ता के संबंध में निगम के उक्त वेबसाईट पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
4) विस्तृत जानकारी हेतु विभागीय वेबसाईट www.bswc.co.in के HRD Link का अवलोकन किया जाए।
5) प्रासंगिक संदर्भ में अन्य कोई जानकारी हेतु बिहार राज्य भंडार निगम के दुरभाष संख्या 0612–2225324 पर उक्तावधि में कार्यालय कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रबंध निदेशक
बिहार राज्य भंडार निगम, पटना

PR- 014604 (B & C) 2026-27
विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

वाराणसी में यूपी जदयू ने मनाया स्थापना दिवस

पटना (आससे)। जदयू का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन वाराणसी के लोहता में 1 नवंबर को आयोजित होने जा रहा है। इसकी तैयारियों जोर-शोर से चल रही हैं। पार्टी के तमाम बड़े नेता और कार्यकर्ता वहां निरंतर कैंपेन करने में जुटे हुए हैं। जदयू के यूपी संगठन प्रभारी सह सूबे के ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार वहां पहुंचकर तैयारी की कमान लगातार संभाल रखी है। इन तमाम व्यस्ताओं के बीच मंत्री के नेतृत्व में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मिलकर जदयू पार्टी का 23वां स्थापना दिवस मनाया। वाराणसी में जदयू के पार्टी कार्यालय में सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मिलकर केक काटा। मंत्री श्री कुमार ने कहा कि 1 नवंबर को कार्यकर्ता सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में आम लोगों और कार्यकर्ताओं को एकजुट करने के लिए हर स्तर पर अंतिम रूप से प्रयास करने की आवश्यकता है।

ब्रजवासी ने मतदाताओं का जताया आभार

पटना (आशिप्र)। बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से लगातार दूसरी बार निर्वाचित वंशीधर ब्रजवासी ने मतदाताओं का आभार जताया है। श्री ब्रजवासी ने कहा है कि तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से लगातार दूसरी बार ऐतिहासिक विजय प्राप्त करने पर मैं हृदय की गहराइयों से सभी का आभार व्यक्त करता हूं।

सभी समर्पित कार्यकर्ताओं, समर्थकों, शुभचिंतकों एवं तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के सम्मानित शिक्षकों, स्नातक मतदाताओं का विशेष धन्यवाद, जिन्होंने अपना अमूल्य समर्थन देकर दूसरी बार सेवा का अवसर प्रदान किया। यह विश्वास, समर्पण और सामूहिक प्रयासों की विजय है। उन्होंने कहा है को पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ स्नातक समाज के हितों की रक्षा करने तथा उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहूंगा।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर, भवन निर्माण विभाग, पटना
अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–07/2026–27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, पटना पश्चिम भवन प्रमण्डल, दानापुर पटना।
2. परिमाण–विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय:– दिनांक 07/11/2026 के 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय:– दिनांक 09/11/2026 के 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने का तिथि एवं समय:– दिनांक 09/11/2026 को 3:30 बजे अपराह्न से ।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान:– (1) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पटना भवन अंचल, पटना। (2) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर,पटना। (3) संबंधित सहायक अभियंता, अवर प्रमंडल सं0–1/2/दानापुर, पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान:– कमांक 5 के अनुसार ।
7. कार्य का विवरणी :–

	कार्य का नाम	परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Construction of Temporary Yatri Shed, Control room/Assistant control room, Watch tower, Flex banner at different ghat from Haldi Chhapra ghat to J.P Setu (West side) ghat on the eve of Chhath Puja 2026	13,00,000.00	26,000.00	2500.00	03 Days
2	Construction of Temporary control room, Yatri shed, Watch tower, changing room, Flex banner at Chhath ghat J.P Setu (East side) to LCT ghat, Patna on the eve of Chhath Puja 2026	10,50,000.00	21,000.00	2500.00	03 Days

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 014625 (BCD) 2026-27
कार्यपालक अभियंता,
पटना पश्चिम भवन प्रमंडल,दानापुर, पटना
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI) हेतु आमंत्रण

वर्क बेस्ड लर्निंग (WBL) कार्यक्रम – चरण-II के अंतर्गत प्रशिक्षुओं (Interns) की मेजबानी हेतु संस्थानों का पैनल गठन

सी-डैक, मोहाली (PMU) देशभर के उद्योगों, MSMEs, DPIIT मान्यता प्राप्त स्टार्ट अप्स तथा इन्क्यूबेशन केन्द्रों को वर्क बेस्ड लर्निंग (WBL) कार्यक्रम के अंतर्गत सहभागी बनने हेतु आमंत्रित करता है।

कार्यक्रम का उद्देश्य
यह कार्यक्रम SC, ST, महिला एवं EWS वर्ग के इंजीनियरिंग स्नातकों, MCA एवं M.Sc. विद्यार्थियों/स्नातकों को 6 माह की संरचित औद्योगिक इंटर्नशिप प्रदान कर उन्हें उभरती प्रौद्योगिकियों में व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराता है

प्रमुख प्रौद्योगिकी क्षेत्र
• कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) • मशीन लर्निंग • साइबर सुरक्षा • IoT • सेमी कंडक्टर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स डिज़ाइन • एम्बेडेड सिस्टम • क्लाउड कम्प्यूटिंग • डेटा एनालिटिक्स • डिजिटल हेल्थ • तथा अन्य उभरती प्रौद्योगिकियाँ

कौन आवेदन कर सकता है?
• उद्योग • MSMEs • DPIIT मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स • इन्क्यूबेशन केन्द्र • R&D, विनिर्माण अथवा IT/ESDM के क्षेत्र में कार्यरत तकनिकी संस्थाए

साझेदार बनने के लाभ
• योग्य तकनीकी प्रतिभाओं तक पहुँच
• राष्ट्रीय कौशल विकास में योगदान का अवसर
• अनुसंधान एवं नवाचार परियोजनाओं को सहयोग
• CSR के माध्यम से सामाजिक सहभागिता

मुख्य पात्रता
• न्यूनतम वार्षिक टर्नओवर : ₹2 करोड़
• किसी सरकारी संस्था द्वारा ब्लैक लिस्ट न हो
• तकनीकी अवसंरचना एवं प्रशिक्षकों की उपलब्धता

वित्तीय प्रतिबद्धता
• प्रति प्रशिक्षु मासिक स्टाइपेंड : ₹ 10,000
• उद्योग का योगदान : ₹ 5,000
• WBL प्रोग्राम की प्रतिबद्धता: ₹ 5,000

भारत के भावी तकनीकी कार्यबल के निर्माण में भागीदार बनें।

विस्तृत EOI एवं आवेदन प्रक्रिया हेतु देखें: वेबसाइट: https://www.cdac.in/index.aspx?id=tenders_eoi

wbp@cdac.in +91-172-237052-55, 6619000 www.cdac.in

CBC 06134/11/0001/2627

सीडैक CDAC प्रगत संगणन विकास केंद्र (सी-डैक), मोहाली
इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY), भारत सरकार